**दहशत** | दहशत में बच्चे और ग्रामीण, विद्यालय में 800 से अधिक विद्यार्थी हैं अध्ययनरत

# स्कूल और कोल खदान के पास जमीन धंसी



**अनूपपुर नवभारत 13 जुलाई।** जिले के दक्षिण पूर्व कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) कोतमा जमुना क्षेत्र की बरतराई खदान से सटे ग्राम मलगा में पीएमश्री स्कूल के पास अचानक जमीन धंस गई। विद्यालय में 800 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं, जिससे इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में डर और चिंता का माहौल है। जमीन धंसने की खबर मिलते ही बरतराई खदान के प्रबंधक अनिल कुमार यादव और माइनिंग सरदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने धंसे हुए हिस्से का मुआयना किया और इसे खदान का 'डेवलपमेंट एरिया' बताया।

### प्रशासन के खिलाफ जताई नाराजगी

मामले की जानकारी मिलने के बाद भी हल्का पटवारी मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोगों ने राजस्व विभाग और खनन से जुड़े आला अधिकारियों से तुरंत मौके पर आकर हकीकत देखने की मांग की है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों ने सुरक्षा को देखते हुए मांग की है कि अगर खदान के काम की वजह से जमीन धंस रही है, तो इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जिला प्रशासन से अपील की गई है कि स्कूल परिसर और आसपास के पूरे इलाके का भू-वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए, ताकि बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा पक्की हो सके।

### गड्ढे को जल्द ही भरने का दिया आश्वासन

अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस गड्ढे को जल्द ही भर दिया जाएगा। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से यहां फेंसिंग की जाएगी और चेतावनी बोर्ड भी लगाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में फिलहाल कोई 'गोफ' नहीं बनी है।

### ग्रामीणों में दुर्घटना का भय

खदान प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों के मन से डर कम नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन अचानक धंसी है और इसके आसपास के बड़े हिस्से में खतरनाक दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। लोगों को डर है कि अगर समय रहते पुख्ता सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए या जमीन का सही से परीक्षण नहीं हुआ, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# मासूम धड़कनों को मिली नई उम्मीद

**बाल हृदय परीक्षण शिविर में 39 बच्चों की जांच की गई**



**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** बच्चों की स्वस्थ धड़कनों को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर जिला अस्पताल में आयोजित बाल हृदय परीक्षण शिविर में 39 बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई।

परीक्षण के दौरान 9 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पहचान हुई, जिनका अब विशेषज्ञ अस्पताल में पूरी तरह निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का संचालन एसईसीएल के धड़कन-2 प्रोजेक्ट, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, लायंस क्लब अनूपपुर और जिला प्रशासन के संयुक्त सहयोग से किया गया।

### 9 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई

शिविर में सत्य साईं संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर (छत्तीसगढ़) की विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की हृदय संबंधी जांच की। जांच के दौरान 9 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। इन बच्चों का उपचार एसईसीएल के धड़कन-2 प्रोजेक्ट, आरबीएसके और जिला प्रशासन के समन्वय से श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में निःशुल्क कराया जाएगा। विशेषज्ञ टीम में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीनदयाल नागर, पीडियाट्रिक कंसल्टेंट डॉ. निखिल शुक्ला तथा स्टाफ नर्स फ़रज़ाना खातून शामिल रहीं।

## एक नजर में

### 15 दिनों में बनाएं विद्यार्थियों की अपार आईडी : कलेक्टर

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के सभी निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की अपार आईडी आगामी 15 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत जनरेट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए, अन्यथा संबंधित विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश उन्होंने सोमवार को कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। साथ ही जिले के सभी विद्यार्थियों का आधार नामांकन समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान आज से

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को डायरिया एवं अन्य बाल्यकालीन बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमें घर-घर पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी, बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार, परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाना, दस्त रोग से होने वाली मृत्यु की रोकथाम करना तथा अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### एनआई एक्ट मामलों के निराकरण हेतु बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (एनआई एक्ट) की धारा 138 से संबंधित मामलों के प्रभावी एवं शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की तैयारियों के तहत आयोजित इस प्री-सिटिंग में जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अधिवक्तागण तथा संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा श्रीराम ट्रांसपोर्ट के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**स्कूल में 9वीं-12वीं की पढ़ाई शुरू, छात्रों को भविष्य को लेकर सवाल**

# बिना सीबीएसई संबद्धता के चल रहा ट्राइबल स्कूल

**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) परिसर में संचालित ट्राइबल मॉडल स्कूल में जुलाई से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई शुरू करने को लेकर विवाद गहरा गया है। शिक्षा संबंधी नियमों और सीबीएसई संबद्धता प्रक्रिया का हवाला देते हुए विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक का संचालन विधिसम्मत नहीं है। जानकारी के अनुसार यू-डाइस कोड 23471109607 वाला यह विद्यालय वर्तमान में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक (कक्षा 1 से 8) तक संचालित है। विद्यालय को इसी स्तर तक संचालन की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक स्वीकृति प्राप्त है।

### सीबीएसई संबद्धता के बिना प्रवेश पर सवाल


शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सीबीएसई संबद्धता उपनियम-2018 के अनुसार औपचारिक संबद्धता प्राप्त किए बिना कोई भी विद्यालय कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 का संचालन नहीं कर सकता। संबद्धता आवेदन लंबित होने की स्थिति में भी प्रवेश की अनुमति नहीं होती। इसके अलावा कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थी का कक्षा 9 किसी मान्यता प्राप्त एवं संबद्ध विद्यालय से अध्ययन करना अनिवार्य है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल से भी संबद्धता प्राप्त नहीं हुई

वर्तमान में ट्राइबल मॉडल स्कूल के पास न तो सीबीएसई का संबद्धता क्रमांक है और न ही विद्यालय पंजीयन कोड। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल से भी उच्च माध्यमिक स्तर की संबद्धता प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश देने पर विद्यार्थियों के भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं।

# बैल के हमले से गंभीर घायल अधेड़ की बची जान

**डॉक्टरों ने की सफल सर्जरी घायल के पेट में बैल के सींग घुस गए थे**



**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** जिले के जिला चिकित्सालय में रविवार देर रात मानवता और चिकित्सकीय सेवा का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। बैल के हमले में गंभीर रूप से घायल एक अधेड़ की आपातकालीन सर्जरी कर चिकित्सकों ने उसकी जान बचा ली। घायल के पेट में बैल का सींग घुसने से आंतें बाहर आ गई थीं, लेकिन समय रहते उपचार मिलने से उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जैतहरी तहसील के ग्राम पंचायत गौरेला निवासी 50 वर्षीय बहादुर सिंह गोंड रविवार शाम अपने घर की गौशाला में पालतू बैल को बांध रहे थे। इसी दौरान बैल अचानक उग्र हो गया और उसने बहादुर सिंह पर हमला कर दिया।

### एंबुलेंस से पहुंचाया था जिला अस्पताल

घटना की सूचना मिलने पर पूर्व जनपद सदस्य फुंदेलाल सिंह ने सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल तथा जैतहरी बीएमओ डॉ. मोहन सिंह श्याम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद घायल को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया।

### सर्जरी से बाहर निकली आंतों को पेट के अंदर स्थापित किया

जिला चिकित्सालय में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. हिमांशु पांडेय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्जन डॉ. साकेत कौशिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. कौशिक देर रात अस्पताल पहुंचे और करीब दो घंटे तक चली जटिल शल्य चिकित्सा कर बाहर निकली आंतों को सावधानीपूर्वक पुनः पेट के अंदर स्थापित किया तथा आवश्यक टांके लगाए। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की जान बच गई।

# 3 माह से बंद हैं दोनों हैंडपंप फूटा लोगों का गुस्सा

**वार्ड अध्यक्ष देवेंद्र कोल का बड़ा आरोप, शासन का आदेश बेअसर**

**अनूपपुर,नवभारत 13 जुलाई।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट के दौर में नगर पालिका परिषद अनूपपुर की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है।

भारतीय गण वार्ता भगवा पार्टी के वार्ड क्रमांक-6 के अध्यक्ष देवेंद्र कोल ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वार्ड के दोनों हैंडपंप पिछले लगभग तीन माह से बंद पड़े हैं। कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद आज तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे वार्ड के सैकड़ों लोग पेयजल संकट झेलने को मजबूर हैं।

### शिकायतों को किया जा रहा लगातार नजरअंदाज

देवेंद्र कोल ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र का हैंडपंप बंद नहीं रहना चाहिए तथा सभी पेयजल स्रोतों को नियमित रूप से संचालित रखा जाए। इसके बावजूद नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि इन निर्देशों के पालन में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

# स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग

**भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कंपनी प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण (चचाई) मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सत्यनारायण फुक्कू सोनी ने सोमवार को आरके अर्थ रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड की शारदा ओपनकास्ट परियोजना (बकही/चचाई) के प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत बकही के स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने की मांग की।

ज्ञापन की प्रतिलिपि क्षेत्रीय सांसद, विधायक, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि शारदा ओपनकास्ट परियोजना ग्राम पंचायत बकही के अंतर्गत संचालित है। परियोजना शुरू होने के समय स्थानीय युवाओं एवं ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्तमान में स्थानीय पात्र युवाओं की अपेक्षा बाहरी क्षेत्रों के लोगों को अधिक संख्या में रोजगार दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

### रोजगार पर स्थानीय युवाओं का पहला अधिकार

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत बकही की लगभग 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित है। ऐसे में परियोजना में रोजगार के अवसरों पर स्थानीय युवाओं का पहला अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से मांग की कि स्थानीय युवाओं की योग्यता, अनुभव और पात्रता के आधार पर उन्हें प्राथमिकता से रोजगार दिया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके।



# कोयला लदा ट्राला पलटा, 3 घंटे लगा जाम

**गाय को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराया**

**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगवां गांव के पास सोमवार सुबह एक कोयला लदा ट्राला गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान ट्राले का अगला हिस्सा सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना में चालक और सहचालक बाल-बाल बच गए, जबकि ट्राले में भरा कोयला सड़क पर बिखर गया।

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार ट्राला छत्तीसगढ़ के कोरबा से कोयला लेकर जैतहरी स्थित हिंदुस्तान पावर प्लांट जा रहा था। सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच धनगवां गांव के पास अचानक सड़क पर गाय आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्राला पलटते हुए पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना के बाद अनूपपुर-वेंकटनगर मार्ग पर दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की कतार लगभग तीन किलोमीटर तक पहुंच गई।

### जेसीबी से ट्राले को सड़क किनारे किया गया

घटना की सूचना मिलते ही जैतहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं यातायात बहाली का कार्य शुरू किया। थाना प्रभारी गोकुलानंद पांडे ने बताया कि सड़क पर बिखरे कोयले को हटाने के बाद जेसीबी की सहायता से ट्राले को सड़क किनारे कराया गया। सुबह लगभग 9 बजे तक मार्ग पर यातायात सामान्य कर दिया गया। पुलिस के अनुसार ट्राले को पूरी तरह सीधा करने के लिए पेंड्रा से एक बड़ी क्रेन तथा मोजर बियर पावर प्लांट से जेसीबी मशीन मंगाई गई है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेनों के ठहराव व फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग

**पुष्पराजगढ़ विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन**



**अनूपपुर, नवभारत 13 जुलाई।** पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने रेलवे से जुड़ी लंबित जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रदर्शन किया।

इसके बाद बिलासपुर मंडल के महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक अनूपपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंह ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा क्षेत्र की जनता लंबे समय से रेलवे सुविधाओं के अभाव से परेशान है। कई बार पत्राचार और मांगपत्र दिए जाने के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे यात्रियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


### प्रमुख यात्री ट्रेनों का तत्काल स्टॉपेज बहाल करें

ज्ञापन में कांग्रेस ने प्रमुख रूप से वेंकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशनों पर प्रमुख यात्री ट्रेनों का तत्काल स्टॉपेज बहाल करने, अनूपपुर रेलवे आरक्षण केंद्र का पूर्व समय बहाल करने, प्लेटफॉर्म-1 से प्लेटफॉर्म-3 तक निर्माणाधीन फुटओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा कराने, स्टेशन परिसर के बाहर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने तथा वर्षों से लंबित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की।

### लम्हेटाघाट के श्रीराम वन में रोपे गए 501 पौधे

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के पर्यावरण आंदोलन के अंतर्गत मां नर्मदा को हरियाली चूनर के क्रम में नर्मदा तट, लम्हेटाघाट के समीप स्थित श्रीराम वन एवं भृगु उद्यान में 501 पौधे रोपे गए। गायत्री परिवार द्वारा किए गए इस आयोजन का मुख्य संदेश प्रकृति व पर्यावरण को बचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण जन जागरूकता गीतों से हुआ। यहाँ पीपल, बरगद, नीम, आंवला, बेल और देव वृक्षों के साथ ही फलदार पौधों का विधिवत पूजन पंच कुंडीय तरू रोपण महायज्ञ के माध्यम से किया गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष का आगमन आज



**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या 14 एवं 15 जुलाई को दो दिवसीय प्रवास पर अनूपपुर जिले में रहेंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। दौरे के पहले दिन 14 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे अध्यक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करेंगे। इसके बाद नर्मदा सभागार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर में वे जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित सिकल सेल एनीमिया परीक्षण स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात नर्मदा सभागार में जिले के सांसद, विधायकगण, जनजातीय प्रतिनिधिमंडल, सामाजिक संस्थाओं, वन अधिकार समिति तथा पेसा समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

**युवा कॉन्क्लेव** | 'माय यूथ, माय प्राइड' युवा कॉन्क्लेव-2026 में निभाई अहम भूमिका

# उज्ज्वल सराफ बने 5000 युवाओं की आवाज़

**कोतमा नवभारत 13 जुलाई।** इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य 'माय यूथ, माय प्राइड- मध्यप्रदेश युवा कॉन्क्लेव-2026' में कोतमा नगर के गौरव और प्रख्यात एंकर उज्ज्वल साराफ ने अपनी अनूठी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए 5000 से अधिक युवाओं की आवाज़ बनकर उज्ज्वल सराफ ने अपनी एक अमिट छाप छोड़ी।

### मंच और युवाओं के बीच बने 'संवाद सेतु'

इस भव्य कॉन्क्लेव में उज्ज्वल सराफ ने न केवल मंच संचालन (एंकरिंग) की कमान संभाली, बल्कि लगभग दो घंटे तक लगातार युवाओं के बीच जीवंत रहकर उनसे सीधा संवाद किया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने से आए युवाओं की सोच, उनके नवोन्मेषी सुझावों और आकांक्षाओं को बेहद प्रभावशाली ढंग से मुख्य मंच और मंचासीन अतिथियों तक पहुंचाया। उनके इस ऊर्जावान प्रयास ने दर्शकों और शासन के बीच एक मजबूत 'संवाद सेतु' का काम किया, जिसकी कार्यक्रम में खूब सराहना हुई।



### विकसित मप्र का मार्ग युवा शक्ति से होकर गुजरता है: मुख्यमंत्री

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश का मार्ग युवा शक्ति से होकर गुजरता है। इस अवसर पर शिक्षा, स्टार्टअप, खेल, कृषि, एमएसएमई, कौशल विकास, आईटी और संस्कृति जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े युवाओं ने अपने विचार साझा किए। साथ ही, युवाओं द्वारा तैयार किया गया ऐतिहासिक 'मध्यप्रदेश यूथ रिज़ॉल्यूशन' भी शासन को सौंपा गया।

### एंकरिंग क्षेत्र में 10 वर्षों का शानदार सफर

उल्लेखनीय है कि कोतमा के उज्ज्वल सराफ पिछले लगभग 10 वर्षों से एंकरिंग एवं कम्पेयरिंग के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। वे मध्यप्रदेश के अनेक बड़े शासकीय, कॉर्पोरेट, खेल, युवा आयोजनों और फिल्म प्रमोशन्स का एक जाना-पहचाना चेहरा बन चुके हैं। अपनी विशिष्ट ऊर्जावान प्रस्तुति, हाजिरजवाबी और दर्शकों से सहज जुड़ाव के कारण आज वे प्रदेश के शीर्ष मंच संचालकों में अपनी मजबूत पहचान बना चुके हैं।